BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन स्प्रिंग में पार्किंग और प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स के नियमों के बारे में याद दिलाती है

चूंकि वसंत शुरू हो रही है, इसलिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन याद दिला रही है कि, हमारे शहर की गुणवत्ता को कायम रखने हेतु बाइलॉज और स्टैंडर्ड्स को बहाल रखने में, हम सभी को भूमिका निभानी पड़ेगी।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बाइलॉज एक गाइड के तौर पर काम करते हैं, जो साफ और सुरक्षित पड़ोस का आनंद लेने और साझी पब्लिक जगहों के रखरखाव में हर किसी की मदद करती है।

निवासियों को निम्नलिखित काम करके एक अच्छा पड़ोसी बनने के लिए कहा जा रहा है:

- साइडवॉक को साफ रखना, वाहनों से साइडवॉक्स या स्ट्रीट्स को ब्लॉक करने की अनुमति नहीं है
- अतिरिक्त शोर को कम करना, शोर और विघ्न डालने पर रेग्युलेशन, सामंजस्यपूर्ण कम्युनिटीज बनाने और उन्हें कायम रखने में मदद करता है
- भद्दी और खतरनाक अवस्था से मुक्त, साफ-सुथरी स्थिति को सुनिश्चित करते हुए, यार्ड वाली जगह को प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स के मुताबिक रखना
- शहर की स्ट्रीट्स पर सुबह 2 बजे से 6 बजे तक या एक बार में तीन घंटों से अधिक पार्किंग न करना, जब तक कि पार्किंग कंसीडरेशन न प्राप्त किया गया हो

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की बाइलॉ एन्फोर्समेंट (Bylaw Enforcement) डिवीजन सुनिश्चित करती है कि निवासी, पब्लिक प्रॉपर्टी संबंधी अपराधों से संबंधित सिटी के बाइ-लॉ का पालन करें, जैसे स्नो हटाना, बहुत तेज म्यूजिक और पार्किंग उल्लंघन और कई तरह के अन्य अपराध। यह यूनिट जनता की सुरक्षा कायम रखने का प्रयास करती है, जब वे सड़कों, साइडवॉक्स, पार्कों और दूसरी आम पब्लिक जगहों का प्रयोग करते हैं।

प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स (Property Standards) सेक्शन, यह सुनिश्चित करने के लिए कि निवासी अपनी प्रॉपर्टीज की देखरेख करते हैं, प्राइवेट प्रॉपर्टी संबंधी अपराधों की एन्फोर्समेंट के लिए जिम्मेदार है। इंस्पेक्टर, अत्याधिक घास और वीड की वृद्धि के साथ-साथ कूड़े और मलबे संबंधी शिकायतों पर ध्यान देने के लिए काम करते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/bylaws पर जाएं।

हवाले

“एक स्वस्थ और बिना विघ्न वाले वसंत सीजन को सुनिश्चित करने के लिए, हम सभी को भूमिका निभानी होगी। हमारी सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की बाइलॉ टीम, हमारी कम्युनिटी को सुरक्षित और साफ रखने के लिए पूरा वर्ष काम करती है। चूंकि गर्म मौसम लौट आया है, इसलिए हम यह सुनिश्चित करने में टीम की सहायता कर सकते हैं कि हम सभी, प्रॉपर्टी स्टैंडर्ड्स को कायम रखकर और शोर तथा पार्किंग संबंधी बाइलॉज का पालन करके हमारे पड़ोस का आनंद मान सकते हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“चूंकि हम गर्म मौसम का स्वागत कर रहे हैं और बाहर निकल रहे हैं, कुछ ऐसी महत्वपूर्ण चीजें हैं, जो हम एक अच्छे पड़ोसी बनने और सुरक्षित जगहें बनाने के लिए कर सकते हैं, जहां सभी सम्पन्न हो सकें। कृपया अपनी पार्किंग वाली जगह का ध्यान रखकर, शोर का ध्यान रखकर और अपनी संपूर्ण प्रॉपर्टी की देखभाल करके, हमारे शहर और कम्युनिटी का ख्याल रखने में हमारी मदद करें। छोटी-छोटी चीजों के साथ यह सुनिश्चित करने में सफलता मिलती है कि हमारा सभी का ख्याल रखा जा रहा है।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, लेजिसलेटिव सर्विसिज*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca